भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1428
गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में तीर्थ पर्यटन केन्द्रों की स्थापना

1428. श्रीमती कान्ता कर्दम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश में तीर्थ पर्यटन केन्द्र स्थापित करने का विचार है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्तमान में उत्तर प्रदेश में तीर्थ पर्यटन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): महोदय, देश के किसी भी हिस्से में तीर्थ पर्यटन केंद्रों की स्थापना करना पर्यटन मंत्रालय के आवंटित कार्यों में सम्मिलित नहीं है। इसलिए, मंत्रालय ऐसी कोई सूची/विवरण अपने पास नहीं रखता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रशाद योजना के तहत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त अनुरोधों/प्रस्तावों के आधार पर पूर्व-अभिज्ञात गंतव्यों पर तीर्थयात्रा/विरासत पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

****